# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 18.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अब सुविधा में जीने की स्थिति से बाहर निकल कर नवाचार को अपना रहा है और विकास के लिए नए रास्ते बना रहा है, जो उसकी शानदार पहचान बन चुके हैं। नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश ने नई यात्रा शुरु की है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में अब डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि अंतरिक्ष उद्योग में भारत ने तेजी से प्रगति की है। और अब भारत ने जल्द ही भारतीयों को अपने गगनयान से अंतरिक्ष में भेजने का निर्णय लिया है।

**सुख आश्रय योजना**

प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को विस्तार प्रदान करते हुए परित्यक्त और सरेंडर बच्चों को भी इसके दायरे में शामिल किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान में ये योजना प्रदेश के 6 हजार अनाथ बच्चों को लाभ पहुंचा रही है, किन्तु अब यह योजना विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे परित्यक्त बच्चों की सहायता भी करेगी। इस योजना के तहत जिलों में बाल कल्याण समितियां पात्र बच्चों को प्रमाण पत्र जारी करेगी और अन्तिम स्वीकृति के बाद इन बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक एक हजार रुपये और 18 वर्ष की आयु तक 25 सौ रुपये प्रतिमाह वित्तीय सहायता देगी। इसके अतिरिक्त इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार रुपये का खर्च दिया जाएगा। प्रदेश सरकार इन बच्चों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि देश में अनाथ बच्चों की देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है।

**अभियान**

प्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर आज से एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने बताया कि 2 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ओवरलोडिंग, खतरनाक तरीके से माल की ढुलाई को रोकना और माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से यात्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करने और इस अभियान का समर्थन करने की अपील की है।

**बद्रीनाथ**

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट कल रात से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने के अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर को 15 क्विंटल

गेंदे के फूलों से सजाया गया। धाम के सिंह द्वार परिसर में गढ़वाल स्काउट बैंड की भक्तिधुनों से पूरा बद्रीनाथ धाम गूंज उठा। ओम नमः शिवाय,जय बाबा केदार के जयघोष और भारतीय सेना के बैंड की भक्ति धुनों के बीचवैदिक रीति–रिवाजों और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए।

मौसम

प्रदेश में सुबह–शाम ठण्ड का दौर बढ़ गया है। खासतौर पर ऊपरी इलाकों व जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मैदानी ज़िलों में भी कोहरे के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। हालांकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग ने 22 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने आज से 20 नवंबर तक बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और ऊना के कई क्षेत्रों में घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के बयान को शीर्षक दिया है– **परित्यक्त बच्चों को भी चिल्ड्रन ऑफ स्टेट की तरह मिलेंगे लाभ।** इसी खबर पर आपका फैसला की सुर्खी है–**हिमाचल सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का किया विस्तार।**

**प्रारंभिक शिक्षा विभाग के हवाले से** दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– **गैर शिक्षण कार्य न करें टीजीटी, मिड–डे–मील कल्चरल एक्टिविटी जैसे कार्यों से मिली छुट्टी।**

पंजाब केसरी की सुर्खी है–**हिमाचल सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बिलासपुर में होगा समारोह।**

दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक के एक जैसे शब्द है–**दो साल पूरे होने पर सुक्खू सरकार 11 दिसंबर को बिलासपुर में मनाएगी जश्न।**

**सीपीएस की नियुक्तियां निरस्त होने के बाद अब मंत्री पद की रेस**–पंजाब केसरी की एक खबर है

दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार–**सूबे में 6 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंचा फलों का उत्पादन।**

पंजाब केसरी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के हवाले से लिखता है–**पूरे देश में कांग्रेस की झूठी गारंटियों से लोगों को अवगत करवाया जाएगा।**

**दैनिक भास्कर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के बयान पर सुर्खी दी है**–भाजपा नेता स्वार्थ की राजनीति के लिए कर रहे भ्रामक दुष्प्रचार ।

**हिमाचल सरकार ने दिल्ली भेजे फोरेस्ट के 50 प्रोजेक्ट** शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–**हकीकत में बदलेगी मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच, ईको टूरिज्म साइट विकसित करने की तैयारी।**